पुलिस लाइन रेसकोर्स में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लेते डीएम।



## संक्षिप्त समाचार



### सीएम ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से की शिष्टाचार भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से शिष्टाचार भेंट की।

### डीएम ने लिया स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के जायजा लेने हेतु आयोजन स्थल पुलिस लाईन रेसकोर्स का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासन, पुलिस, होमगार्ड, लो.नि.वि, सूचना नगर निगम के उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आयोजन स्थल पर यातायात, सुरक्षा, सिटिंग एरेंजमेंट, डेकोरेशन, साफ–सफाई, सांउड सिस्टम, वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए वाटर प्रूफ सिटिंग एरेंजमेंट, विद्युत सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था इत्यादि सभी दृष्टिकोण से आयोजन की तैयारी करने के निर्देश दिये। नगर निगम दून को आयोजन स्थल पर व्यापक सेनिटाइजेशन व साफ–सफाई करने के निर्देश दिये।

### आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने ऋषिकेश में अपना पहला इनफार्मेशन सेंटर किया लॉन्च

**संवाददाता** ऋषिकेश। देश के विभिन्न हिस्सों में अपने नेटवर्क का विस्तार करने के सिद्धांत को आगे बढ़ाने हजारों छात्रों को डॉक्टर और आईआईटीयन बनने के उनके सपनों को साकार करने में मदद करने के लिए परीक्षा तैयारी में अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने आज उत्तराखंड में चौधरी कॉम्प्लेक्स, अमितग्राम, गुमानीवाला, ऋषिकेश में अपना पहला इनफार्मेशन सेंटर खोला यह इनफार्मेशन सेंटर छात्रों के लिए सहायक होगा और उन्हें आकाश के ऑफर्स, पाठ्यक्रमों स्थानों आदि से संबंधित सभी प्रमुख जानकारी प्रदान करेगा।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ग्राहकों के लिए वर्चुअल शोरूम किया पेश

**संवाददाता** देहरादून। ग्राहक सबसे पहले के अपने दर्शन की सच्ची भावना के तहत टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपने किस्म के 'अनूठे वर्चुअल' शोरूम की शुरुआत की। इसके जरिए नए नॉर्मल में ग्राहक अनुभव को और डिजिटाइज किया जाएगा। इस वर्चुअल शोरूम से ग्राहक अपने पसंदीदा टोयोटा वाहन को बगैर किसी बाधा के ऑनलाइन देख सकेंगे। यही नहीं, इसके जरिए वे सपनों की अपनी कार बुक भी कर सकेंगे।

# लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना को मिलेगी 4673 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**बैठक**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से भेंट की

**संवाददाता**

लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना के लिए केंद्र सरकार से जल्द 4673 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति मिल जाएगी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ये आश्वासन दिया है। सीएम धामी ने केंद्रीय मंत्री से किसाऊ परियोजना पर संबंधित राज्यों की संयुक्त बैठक का भी अनुरोध किया।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना को केंद्र सरकार से वित्तीय स्वीकृति प्रदान करवाने और किसाऊ परियोजना का संशोधित एमओयू किए जाने का अनुरोध किया। इस पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने कहा कि लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना की केंद्र सरकार से जल्द वित्तीय स्वीकृति दी जाएगी। किसाऊ परियोजना पर संबंधित राज्यों की संयुक्त बैठक की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने किसाऊ परियोजना के संशोधित एमओयू के लिए भी आश्वस्त किया। यह भी निर्णय लिया गया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड में जल जीवन मिशन की जल्द ही संयुक्त समीक्षा करेंगे।



मुख्यमंत्री ने जनपद देहरादून में यमुना नदी पर स्थित 300 मेगावाट की लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना पर चर्चा करते हुए कहा कि परियोजना निर्माण के लिए सभी वांछित स्वीकृतियां प्राप्त हैं और वित्तीय सहायता के लिए केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की मंत्रीमंडलीय समिति से स्वीकृति और केन्द्रीय अनुदान प्राप्त होते ही इस राष्ट्रीय महत्व की परियोजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की मंत्रिमण्डलीय समिति से लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना की शीघ्र वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्राथमिकता पर आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया। इस पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने कहा कि लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना की भारत सरकार से जल्द वित्तीय स्वीकृति दी जाएगी।

**किसाऊ परियोजनाः** मुख्यमंत्री ने किसाऊ परियोजना पर चर्चा करते हुए कहा कि परियोजना की विद्युत घटक लागत और जल घटक लागत को भविष्य में परियोजना की कुल पुनरीक्षित लागत के सापेक्ष क्रमशः 13.3 प्रतिशत व 86.7 प्रतिशत पर स्थिर किया जाए। उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश को बिना किसी बाधवार सीमा के अपने जलांश का उपयोग किये जाने और अपने जलांश के अनुपयोगी जल को किसी भी राज्य को विक्रय किया जाने की अनुमति हो। उत्तराखंड राज्य को पूर्व में अपर यमुना रीवर बोर्ड द्वारा आवंटित जलांश 3.814 प्रतिशत से कम न किया जाए। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से किसाऊ बहुउद्देशीय बांध परियोजना के कार्यान्वयन को गति प्रदान करने के लिए उक्त संशोधनों के साथ अंतर्राज्यीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करवाने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसाऊ परियोजना पर संबंधित राज्यों की संयुक्त बैठक की जाएगी। केंद्रीय मंत्री नेकिसाऊ परियोजना के संशोधित एमओयू के लिये भी आश्वस्त किया। बैठक में इसके अलावा भी कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

### पीएमकेएसवाई–हर खेत को पानी योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों की दुर्गम स्थिति को देखते हुए पीएमकेएसवाई–हर खेत को पानी योजना के अन्तर्गत पर्वतीय राज्यों के लिये मानको में परिवर्तन या शिथिलीकरण प्रदान किया जाना चाहिए। सर्फेस माइनर इरीगेशन स्किम में नहरों की पुनरोद्धार/जीर्णोद्वार, सुदृढीकरण तथा विस्तारीकरण की योजनाओं को भी स्वीकृति प्रदान की जायें। पर्वतीय क्षेत्रों में नहर निर्माण की लागत अधिक होने के कारण वर्तमान प्रचलित गाईड लाईन 2.50 लाख रूपए प्रति हैक्टेयर लागत की सीमा को बढ़ाकर 3.50 लाख रूपये प्रति हैक्टेयर किया जाना चाहिए।


# सामरिक महत्व के दृष्टिगत टनकपुर–बागेश्वर ब्राडगेज लाईन जरूरी

**भेंट**

- मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी से शिष्टाचार भेंट की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से सामरिक महत्व को देखते हुए टनकपुर–बागेश्वर रेल लाईन ब्राडगेज (बीजी) की स्वीकृति के लिये रक्षा मंत्रालय के स्तर से भी संस्तुति करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने जखोली, रुद्रप्रयाग में स्वीकृत सैनिक स्कूल की अवस्थापना सुविधाओं के लिए एमओयू में संशोधन करते हुए केन्द्रीय सहायता का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के क्षेत्रीय सामाजिक सांस्कृतिक तथा पर्यटन के विकास और सामरिक दृष्टिकोण से रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा टनकपुर और बागेश्वर के बीच नैरोगेज रेलवे लाईन हेतु सर्वे का आदेश निर्गत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैरोगेज रेलवे लाईन से न तो सामरिक महत्व के मसले हल होंगे और न ही यहां की यातायात व अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। यह लाईन ब्राडगेज में होनी चाहिये। चीन और नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित होने के कारण यह रेल लाईन सामरिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। साथ ही यह नये व्यापार केन्द्रों को भी जोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रक्षा मंत्री से उनके स्तर से भी टनकपुर–बागेश्वर ब्राडगेज लाईन की स्वीकृति के लिये संस्तुति किये जाने का अनुरोध किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराया कि उत्तराखण्ड राज्य में एक अतिरिक्त सैनिक स्कूल जखोली, जनपद रुद्रप्रयाग में खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। इसके लिए रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा उत्तराखण्ड राज्य के मध्य एमओयू किया गया था। सैनिक स्कूल की स्थापना हेतु उत्तराखण्ड राज्य द्वारा अवस्थापना संबंधी सुविधायें उपलब्ध कराई जानी थी।

### उत्तराखण्ड में नए राष्ट्रीय राजमार्गो के लिये मिलेंगे 1000 करोड़ रूपए

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि उत्तराखण्ड में नए राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 1000 करोड़ रूपए और केन्द्रीय सडक अवस्थापना निधि में अतिरिक्त 300 करोड़ रूपए की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री धामी ने इस पर केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी जी के मार्गदर्शन व सहयोग से पिछले चार वर्षों में उत्तराखण्ड में कनेक्टीवीटी के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क और सेतुओं के निर्माण में आने वाली अत्यधिक लागत को देखते हुए भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार को प्रदान की गयी सहायता प्रदेश के आर्थिक विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।